अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में कार्यशाला का आयोजन

आज दिनांक 9 दिसंबर 2021को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में यूथ रेडक्रॉस यूनिट एवम रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वाधान से 'मूल्य अधिकार कर्तव्य और जिम्मेदारियां पर आधारित विषय पर वर्चुअल माध्यम से कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक था 'रक्तदान में विशेष प्रसंग के साथ स्वयंसेवा के लिए युवाओं की आवश्यकता '।यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता जी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस प्रकार के उपयोगी कार्यक्रम आयोजित करने के लिए वे सदैव हमारे लिए प्रेरणादाई रहते हैं। इस कार्यशाला के विशेषज्ञ वक्ता श्री रोहित शर्मा जी कार्यक्रम अधिकारी हरियाणा प्रांत चंडीगढ़ ने युवाओं को उनके अधिकार कर्तव्य और जिम्मेदारियों से अवगत करवाते हुए समाज की मुख्य धारा से जुड़ने का आह्वान किया। श्री शर्मा ने रेडक्रॉस वालंटियर्स को रक्तदान का महत्व बताते हुए उन्हें रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों से मानवता की भावना विकसित करने का आहवान किया। राष्ट्र और देश के लोगों की सेवा के लिए उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान अग्रवाल महाविद्यालय रेडक्रॉस यूनिट के योगदान की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने विश्वयापी महामारी ओमिक्रोन के खतरे पर काबू पाने के लिए मिलजुल कर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के अंतिम चरण में श्री रोहित शर्मा जी ने वालंटियर्स द्वारा पूछे गए प्रश्नों का दैनिक जीवंत उदाहरण के साथ जवाब दिया। इस अवसर पर कार्यशाला के संयोजक डॉ. जयपाल सिंह जी ने कॉलेज यूथ रेडक्रॉस यूनिट की गतिविधियों का ब्योरा पेश किया। यूथ रेडक्रॉस काउंसलर सुभाष कैलोरिया ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस कार्यशाला में **201** स्वयं सेवकों ने शिरकत की। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग कर्मचारी भी कार्यशाला से वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।